PTCUL

पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002
दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 email:-hr@ptcul.org

पत्रांकः 362 /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ दिनांकः 14 .4.2020

विषयः– कोरोना वायरस के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा विकसित किये गये "आरोग्य सेतु ऐप्लीकेशन" का अधिकाधिक प्रचार–प्रसार किये जाने के सम्बन्ध में।

समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक,
समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक,
समस्त अधिशासी अभियन्ता,
पिटकुल, ...।

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या–36/USDMA-801(2020), दिनांक 11.04.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा कोरोना वायरस (Covid-19) के संक्रमण के जोखिम के निर्धारण एवं उच्च कोरोना वायरस संक्रमण क्षेत्रों के समीप होने पर चेतावनी देने व संक्रमण के फैलाव को नियंत्रित किये जाने के दृष्टिगत जन–साधारण के उपयोगार्थ "आरोग्य सेतु (Aarogya Setu) मोबाइल एप्लीकेशन" का प्रचार–प्रसार तथा इसके उपयोग किये जाने के बारे में प्रोत्साहित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। **(छायाप्रति संलग्न)**

इस सम्बन्ध में निर्देशित किया जाता है कि कृपया शासन के उक्त संदर्भित पत्र में वर्णित "आरोग्य सेतु (Aarogya Setu) मोबाइल एप्लीकेशन" को डाउनलोड कर इसके उपयोग हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुये अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिकों को भी इस हेतु प्रोत्साहित करने का कष्ट करें।

संलग्नक :– यथोपरि।

14/4/2020
(पी0सी0 ध्यानी)
निदेशक (मानव संसाधन)

पत्रांकः /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ तद्दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, विद्युत भवन, देहरादून।
2. निदेशक (वित्त/परिचालन/परियोजना), पिटकुल, विद्युत भवन, देहरादून।
3. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), पिटकुल, विद्युत भवन, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश को निगम की वैबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

(पी0सी0 ध्यानी)
निदेशक (मानव संसाधन)

महत्वपूर्ण

संख्या– 36 /USDMA-801(2020)

प्रेषक,

मुख्य सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड।
2. समस्त अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4. आयुक्त, कुमायूँ एवं गढ़वाल मण्डल।
5. पुलिस महानिरीक्षक, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, उत्तराखण्ड।
6. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
7. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
8. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, समस्त जनपद, उत्तराखण्ड।

यू.एस.डी.एम.ए. देहरादून:दिनांकः 11 अप्रैल, 2020

विषय– कोरोना वायरस के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा विकसित किये गये आरोग्य सेतु ऐप्लीकेशन का अधिकाधिक प्रचार–प्रसार किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस (Covid-19) के संक्रमण के जोखिम के निर्धारण हेतु जन–साधारण के उपयोगार्थ आरोग्य सेतु (Aarogya Setu) मोबाइल एप्लीकेशन का विकास किया गया है जिसे एंनड्रोइड (Android) फोन के लिये गूगल प्ले (Google Play) से तथा आई.ओ.एस. (IoS) फोन के लिये एप्पल एप्प स्टोर (Apple App Store) से डाउनलोड किया जा सकता है और यह ऐप्लीकेशन हिन्दी व अंग्रेजी सहित 11 विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध है।

यह एप्लीकेशन उपयोगकर्ताओं को उच्च कोरोना वायरस संक्रमण क्षेत्रों के समीप होने पर चेतावनी देता है और इसके द्वारा संक्रमण के फैलाव को नियंत्रित किया जा सकता है।

अतः विभिन्न माध्यमों से आरोग्य सेतु मोबाइल ऐप्लीकेशन का प्रचार–प्रसार किये जाने तथा इसके उपयोग हेतु जन–साधारण को प्रोत्साहित किये जाने हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(उत्पल कुमार सिंह)
मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क निदेशालय, देहरादून।
2. जनपद आपदा प्रबन्धन अधिकारी, समस्त जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

(उत्पल कुमार सिंह)
मुख्य सचिव